वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्
COUNCIL OF SCIENTIFIC & INDUSTRIAL RESEARCH
अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली.110 001
Anusandhan Bhawan, 2, Rafi Marg, New Delhi- 110 001

सा०/No. : 5-1(49)/2008-PD

Dated 13.12.2024

प्रेषक : संयुक्त सचिव (प्रशासन)
From : Joint Secretary (Admn.)

सेवा में : सी.एस.आई.आर. की सभी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं/संस्थानों/मुख्यालय/एककों के निदेशक/प्रधान
To : The Directors/Heads of all CSIR National Labs./Instts./Hqrs./Units

विषय/ Sub : Endorsement of OMs issued by Government of India, Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions, Department of Pension and Pensioners' Welfare – reg.

महोदय/Sir / महोदया/Madam,

मुझे भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा जारी किए गए निम्नलिखित कार्यालय ज्ञापनों को आपकी जानकारी, मार्गदर्शन और अनुपालन के लिए अग्रेषित करने का निदेश हुआ है:

I am directed to forward herewith the following Office Memoranda issued by the Government of India, Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions, Department of Pension and Pensioners' Welfare for your kind information, guidance and compliance:

क्रम सं. Sl. No.	कार्यालय ज्ञापन सं. / Office Memorandum No.	विषय/ Subject
1.	1/1(33)/2024-पीएंडपीडबल्यू(ई) दिनांक 10.10.2024 1/1(33)/2024-P&PW(E) dated 10.10.2024	केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली 2021 के अधीन, सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की दो पत्नियों के बीच कुटुंब पेंशन का निपटारा-संबंधी। Settlement of Family Pension between two wives of a Government Servant or Pensioner under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 - reg.
2.	11/15/2022-पी&पीडबल्यू(एच)-8363 दिनांक 11.10.2024 11/15/2022-P&PW(H)-8363 dated 11.10.2024	केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन पेंशन मामले पर कार्रवाई होने के पश्चात, किसी ऐसी घटना के बारे में, जिसका पेंशन या किन्हीं सरकारी शोध्यों से संबंध है, लेखा अधिकारी को प्रज्ञापना देने के संबंध में। Intimation to Accounts Officer regarding any event having bearing on pension or any Government dues after processing of pension case under the CCS (Pension) Rules, 2021-reg.

13/12/24

Phones : EPABX-23710138, 23710144, 23710158, 23710468, 23710805, 23711251, 23714238, 23714249, 23714769, 23715303
Fax : 91-11-23714788
Website : http://www.csir.res.in

क्रम सं. Sl. No.	कार्यालय ज्ञापन सं. / Office Memorandum No.	विषय/ Subject
3.	11/15/2022-पी&पीडबल्यू(एच)-8363 दिनांक 11.10.2024 11/15/2022-P&PW(H)-8363 dated 11.10.2024	केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन केंद्र सरकार के कर्मचारी की अधिवर्षिता होने पर पेंशन मामले पर कार्रवाई। Processing of pension case on superannuation under CCS (Pension) Rules, 2021 in respect of Central Government Servant.
4.	11(15)/2022-पी&पीडबल्यू(एच) दिनांक 11.10.2024 11(15)/2022-P&PW(H) dated 11.10.2024	वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना । Submission of Annual Life Certificate.
5.	11(15)/2022-पी&पीडबल्यू(एच)-8363 दिनांक 15.10.2024 11(15)/2022-P&PW(H)-8363 dated 15.10.2024	विदेश में रहने वाले पेंशनभोगियों/कुटुंब पेंशनभोगियों की बाबत वार्षिक जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना। Submission of Annual Life Certificate in respect of pensioners/family pensioners living abroad.
6.	38/10(04)/2024-P&PW(A) (e 10124) dated 18.10.2024	Conditions for grant of additional pension to the retired Central Government Civil Employees covered under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021-reg.
7.	38/10(04)/2024-P&PW(A) (e 10124) dated 18.10.2024	Revision of pension after authorisation under Central Civil Services (Pension) Rules 2021 - reg.
8.	11/15/2022-पी&पीडबल्यू(एच)-8363(I) दिनांक 24.10.2024 11/15/2022-P&PW(H)-8363(I) dated 24.10.2024	पति/पत्नी के नाम में परिवर्तन - पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग की सलाह। Change of name of spouse - Advice of Department of Pension and Pensioners' Welfare
9.	11/15/2022-पी&पीडबल्यू(एच)-8363(III) दिनांक 24.10.2024 11/15/2022-P&PW(H)-8363(III) dated 24.10.2024	ऐसा सरकारी कर्मचारी, जो किसी शारीरिक या मानसिक कमजोरी के कारण पेंशन प्ररूपों को प्रस्तुत करने की स्थिति में नहीं है, की बाबत पेंशन/कुटुंब पेंशन प्राधिकृत करने के मामलों पर कार्रवाई-संबंधी। Processing of cases for authorization of pension/family pension in respect of a Government servant who is not in a position to submit the pension forms on account of any bodily or mental infirmity-reg.

13/12/24

क्रम सं. Sl. No.	कार्यालय ज्ञापन सं. / Office Memorandum No.	विषय/ Subject
10.	11/15/2022-पी&पीडबल्यू(एच)-8363(IV) दिनांक 25.10.2024 11/15/2022-P&PW(H)-8363(IV) dated 25.10.2024	सरकारी कर्मचारी के अधिवर्षिता पर सेवानिवृत होने पर पेंशन और उपदान प्राधिकृत करने की प्रक्रिया में विभिन्न कार्रवाईयों को पूरा करने की समय-सीमा। Timelines for completion of various activities in the process of authorization of pension and gratuity on retirement on superannuation of a government servant.
11.	1/15/2024-पी&पीडबल्यू(एफ)/9809 दिनांक 25.10.2024 1/15/2024-P&PW(F)/9809 dated 25.10.2024	प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों द्वारा पेंशन संबंधी नियमों का कार्यान्वयन तथा सेवानिवृत्ति हितलाभों का समय पर जारी किया जाना। Implementation of pension related rules and timely release of retirement benefits by the administrative Ministries / Departments.
12.	11/15/2022-पी&पीडबल्यू(एच)-8363(II) दिनांक 30.10.2024 11/15/2022-P&PW(H)-8363(II) dated 30.10.2024	केंद्र सरकार के पेंशनभोगी के कुटुंब के ब्यौरे से पुत्री का नाम हटाने पर स्पष्टीकरण। Clarification on deletion of name of daughter from the family details of a Central Government pensioner.

भवदीय/Yours faithfully,

13/12/24

(अमरेन्द्र कुमार / Amrendra Kumar)
अवर सचिव (नीति प्रभाग) / Under Secretary (Policy Division)

संलग्न/Encl. : यथोपरि/As above

प्रतिलिपि/Copy to:

1) सी.एस.आई.आर. वेबसाइट/ CSIR Website
2) कार्यालय प्रति/Office copy.

सं 1/1(33)/2024-पीएंडपीडबल्यू(ई)

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग

तीसरी मंजिल, लोकनायक भवन

खान मार्केट, नई दिल्ली

दिनांक 10 अक्टूबर, 2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय: केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली 2021 के अधीन, सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की दो पत्नियों के बीच कुटुंब पेंशन का निपटारा-संबंधी।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली 1972 का अधिक्रमण करते हुए केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली 2021 को अधिसूचित किया है और केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली 2021 का नियम 50 सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी की मृत्यु होने पर कुटुंब पेंशन के संदाय से संबंधित है।

2. केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 50(6) के अनुसार, मृत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी के कुटुंब के सदस्यों को कुटुंब पेंशन निम्न क्रमानुसार संदेय होगी -

(i) उप-नियम(8) के उपबंधों के अधीन, विधवा या विधुर, (सेवानिवृत्ति के पश्चात विवाहित पति/पत्नी और न्यायिक्तः पृथक्कृत पत्नी/पति भी सम्मिलित),

(ii) उप-नियम(9) के उपबंधों के अधीन, बच्चे(दतक बच्चे, सौतेले बच्चे और पेंशनभोगी की सेवानिवृति के पश्चात् जन्मे बच्चे भी सम्मिलित),

(iii) उप-नियम(10) के उपबंधों के अधीन, मृत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी के आश्रित माता-पिता(दत्तक माता-पिता सम्मिलित),

(iv) उप-नियम(11) के उपबंधों के अधीन, मृत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी के आश्रित सहोदर(अर्थात् भाई या बहन) जो किसी मानसिक या शारीरिक नि:शक्तता से ग्रस्त हों।

जबकि केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 50(6)(1) के लिए दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार - इस नियम के प्रयोजनार्थ, 'विधवा' और 'विधुर' से, मृतक सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी के साथ कानूनी तौर पर विवाहित क्रमशः महिला और पुरुष अभिप्रेत होगा।

3. जबकि केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 50(8)(ग) के अनुसार-

जहां मृतक सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी एक से अधिक विधवाओं को छोड़ जाता है, विधवाओं को बराबर अंशों में कुटुंब पेंशन का संदाय होगा और विधवा की मृत्यु या अपात्रता होने पर, कुटुंब पेंशन का उसका अंश उसके बच्चे या बच्चों के लिए देय होगा जो उप-नियम (9) में उल्लिखित पात्रता शर्तों को पूरा करता है या करते हैं।

4. इस संबंध में, इस विभाग में कई संदर्भ प्राप्त हुए हैं जिनमें पहली पत्नी के जीवित रहने पर दूसरी पत्नी की कुटुंब पेंशन के लिए पात्रता के बारे में पूछा गया है। पहली पत्नी के जीवित रहते हुए, दूसरी पत्नी रखना हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के उपबंधों के विरुद्ध है तथा केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के उपबंधों के भी प्रतिकूल है। इस मामले की जांच की गयी है और यह निर्णय लिया गया है कि ऐसे मामलों पर केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के उपबंधों के अनुसार कार्रवाई की जाए और कुटुंब पेंशन के लिए पात्रता का निर्धारण करने के लिए, दूसरी पत्नी या दूसरे विवाह के वैध या अन्यथा, होने के मुद्दे पर, विधि कार्य विभाग से परामर्श करके, मामले के अनुसार निर्णय लिया जाए।

5. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन दो पत्नियों के बीच कुटुंब पेंशन का निपटारा करने संबंधी निर्णय लेने से पूर्व विधि कार्य विभाग से परामर्श करने की प्रक्रिया का पालन करें, साथ ही इन निदेशों को मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशनभोगी हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

10/10/24

(सोनिका खट्टर)
अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में,
सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन
(मानक सूची के अनुसार)

F. No. 1/1(33)/2024-P&PW(E)
Ministry of Personnel, P.G. and Pensions
Department of Pension and Pensioners' Welfare

......

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi- 110003.
Dated 10th October, 2024

OFFICE MEMORANDUM

Sub:- Settlement of Family Pension between two wives of a Government Servant or Pensioner under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 - reg.

The undersigned is directed to say that Department of Pension,in supersession of the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972 has notified the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 and Rule 50 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 deals with payment of family pension on death of a Government servant/pensioner.

2. In accordance with Rule 50 (6) of the CCS (Pension) Rules, 202, the family pension shall be payable to the members of the family of the deceased Government servant or pensioners in the following order -

i. Subject to provisions of sub-rule (8), widow or widower, (including a post-retiral spouse and judicially separated wife or husband)
ii. subject to provisions of sub-rule (9), children (including adopted children, step children and children born after retirement of the pensioner),
iii. subject to provisions of sub-rule (10), dependent parents (including adoptive parents) of the deceased Government servant or pensioner,
iv. subject to provisions of sub-rule (11), dependent siblings (i.e. brother or sister) of the deceased Government servant or pensioner, suffering from a mental or physical disability

Whereas the Explanation to Rule 50(6) (1) of the CCS (Pension) Rules, 2021 states that -For the purpose of this rule 'widow' and 'widower' shall mean a spouse, legally wedded to the deceased Government servant or the pensioners.

3. Whereas Rule 50(8)(c) of the CCS (Pension) Rules, 2021 states that-

Where the deceased Government servant or pensioner is survived by more widow than one, the family pension shall be paid to the widows in equal shares and on the death or ineligibility of a widow, her share of the family pension shall become payable to her child or children who fulfil the eligibility conditions mentioned in sub-rule (9).

4. In this regard, references have been received in this department regarding eligibility of family pension to the second wife when the first wife is alive. Having second wife when the first wife is alive is against the provisions of Hindu Marriage Act, 1955 and also contradictory to the provisions of CCS(Pension) Rules, 2021. The matter has been examined and it has been decided that such cases needs to be processed in accordance with the provisions of CCS (Pension) Rules, 2021 and the issue of second wife or second marriage being legal or otherwise, may be decided first in consultation with Department of Legal Affairs on case to case basis for deciding the eligibility for Family Pension.

5. All Ministries/Departments are requested to follow the process of consultation with Department of Legal Affairs before arriving at decision regarding Settlement of Family Pension between two wives under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021. Such cases must be brought to the notice of the officer dealing with the pensioners' benefits in the respective Ministry/Department by the attached/subordinate offices.

10/10/24

(Sonika Khattar)
Under Secretary to the Govt. of India

To

All Ministries/Departments/Organizations (As per attached list).

11/15/2022-पी&पीडबल्यू(एच)-8363

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग

तीसरा तल, लोकनायक भवन,

खान मार्केट, नई दिल्ली-110003

दिनांक : 11-10-2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय : केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन पेंशन मामले पर कार्रवाई होने के पश्चात, किसी ऐसी घटना के बारे में, जिसका पेंशन या किन्हीं सरकारी शोध्यों से संबंध है, लेखा अधिकारी को प्रज्ञापना देने के संबंध में।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 1972 का अधिक्रमण करते हुए केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है।

2. केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 61 में, किसी ऐसी घटना के बारे में, जिसका पेंशन या किन्हीं सरकारी शोध्यों से संबंध है, लेखा अधिकारी को प्रज्ञापना देने के लिए, कार्यालय अध्यक्ष की भूमिका स्पष्ट की गई है। नियम 61 के अनुसार, पेंशन मामले को लेखा अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के पश्चात कार्यालय अध्यक्ष द्वारा निम्नलिखित कार्रवाई की जानी अपेक्षित है :-

(1) यदि, नियम 60 के अधीन पेंशन मामले और पेंशन पत्रों को लेखा अधिकारी को भेज देने के पश्चात कोई ऐसी घटना घटती है जिसका संबंध अनुज्ञेय पेंशन की रकम से है, तो इस तथ्य की रिपोर्ट कार्यालय अध्यक्ष द्वारा लेखा अधिकारी को तुरंत की जाएगी।

(2) यदि, नियम 60 के उप-नियम(2) के अधीन लेखा अधिकारी को सरकारी शोध्यों की विशिष्टियों की प्रज्ञापना देने के पश्चात कोई अतिरिक्त सरकारी शोध्य कार्यालय अध्यक्ष की जानकारी में आते हैं, तो ऐसे शोध्यों की लेखा अधिकारी को तुरंत रिपोर्ट की जाएगी।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 61 के उपरोक्त उपबंधों का सख्ती से अनुपालन करने हेतु, इन्हें मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

(सुभाष चंदर)

अवर सचिव, भारत सरकार

दूरभाष सं. 24644631

सेवा में,

सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन (मानक सूची के अनुसार)

11/15/2022-P&PW(II)-8363
Government of India
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions
Department of Pension and Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan,
Khan Market, New Delhi-110 003
Date: 11-10-2024

OFFICE MEMORANDUM

Subject: **Intimation to Accounts Officer regarding any event having bearing on pension or any Government dues after processing of pension case under the CCS (Pension) Rules, 2021-reg.**

The undersigned is directed to say that the Department of Pension and Pensioners' Welfare has notified the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 in supersession of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972.

2. Rule 61 of CCS (Pension) Rules, 2021 stipulates the role of Head of Office towards the intimation to Accounts Officer regarding any event having bearing on pension or any Government dues. In accordance with Rule 61, following actions needs to be taken by Head of Office after submission of pension case to the Accounts Officer:

(1) If, after the pension case and pension papers have been forwarded to the Accounts Officer under Rule 60, any event occurs which has a bearing on the amount of pension admissible, the fact shall be promptly reported to the Accounts Officer by the Head of Office.

(2) If, after the particulars of Government dues have been intimated to the Accounts Officer under sub-rule (2) of Rule 60, any additional Government dues come to the notice of the Head of Office, such dues shall be promptly reported to the Accounts Officer.

3. All Ministries/Departments are requested that the above provisions of Rule 61 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 may be brought to the notice of the personnel dealing with the pensionary benefits in the Ministry/Department and attached/subordinate offices thereunder, for strict implementation.

(Subhash Chander)
Under Secretary to the Govt. of India
Tele. No. 24644631

To

All Ministries/Departments/Organisations (As per standard list)

11/15/2022-पी&पीडबल्यू(एच)-8363

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग

तीसरा तल, लोकनायक भवन,

खान मार्केट, नई दिल्ली-110003

दिनांक :11-10-2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय : केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन केंद्र सरकार के कर्मचारी की अधिवर्षिता होने पर पेंशन मामले पर कार्रवाई।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 का अधिक्रमण करते हुए केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है।

2. केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 का नियम 57 केंद्र सरकार के कर्मचारी की अधिवर्षिता होने पर पेंशन मामलों पर की जाने वाली कार्रवाई से संबंधित है। नियम 57 के अनुसार, कार्यालयाध्यक्ष सरकारी कर्मचारी की अधिवर्षिता की तारीख से एक वर्ष पूर्व किए जाने वाले प्रारंभिक कार्य की अवधि को निम्नलिखित तीन प्रक्रमों में विभाजित करेगा, अर्थात् :-

(क) पहला प्रक्रम- सेवा का सत्यापन;-

(i) कार्यालयाध्यक्ष सरकारी कर्मचारी की सेवा पुस्तिका को देखेगा और अपना यह समाधान कर लेगा कि नियम 30 के अधीन सत्यापित सेवा के पश्चातवर्ती सेवा का सत्यापन के प्रमाणपत्र उसमें अभिलिखित है या नहीं;

(ii) सेवा के असत्यापित प्रभाग या प्रभागों की बाबत वह यथास्थिति, सेवा के उस प्रभाग या उन प्रभागों को वेतन बिलों, निस्तारण पंजियों या अन्य सुसंगत अभिलेखों जैसे कि अंतिम वेतन प्रमाणपत्र तथा अप्रैल मास की वेतन पर्ची(जो पिछले वित्तीय वर्ष के लिए सेवा के सत्यापन को दर्शाती है) के आधार पर सत्यापित करेगा और सेवा पुस्तिका में आवश्यक प्रमाणपत्रों को अभिलिखित करेगा;

(iii) यदि किसी अवधि की सेवा का उपखंड(i) और उपखंड(ii) में विनिर्दिष्ट रीति से इस कारण सत्यापन नहीं किया जा सकता है कि उस अवधि में सरकारी कर्मचारी ने किसी अन्य कार्यालय या विभाग में सेवा की थी तो कार्यालय अध्यक्ष, जिसके अधीन सरकारी कर्मचारी वर्तमान में सेवारत है, उस कार्यालय के जिसमें सरकारी कर्मचारी के बारे में यह दर्शाया गया है कि उसने उस काल में वहां सेवा की थी; कार्यालय अध्यक्ष को मामला सत्यापन के प्रयोजन के लिए निर्दिष्ट करेगा;

(iv) उपखंड(iii) में निर्दिष्ट सूचना प्राप्त होने पर, उस कार्यालय या विभाग का कार्यालय अध्यक्ष उपखंड(ii) में विनिर्दिष्ट रीति से ऐसी सेवा के प्रभाग या प्रभागों का सत्यापन करेगा और ऐसे संदर्भ के प्राप्त होने की तारीख से दो मास के भीतर निर्दिष्ट करने वाले कार्यालय अध्यक्ष को आवश्यक प्रमाणपत्र संप्रेषित करेगा;

परंतु यदि किसी अवधि की सेवा का सत्यापन नहीं हो पा रहा है, इसे एक साथ निर्दिष्ट करने वाले कार्यालय अध्यक्ष के संज्ञान में लाना होगा;

(v) यदि पूर्ववर्ती उपखंड में निर्दिष्ट समयसीमा के भीतर कोई जवाब प्राप्त नहीं होता है, तो ऐसी अवधि या अवधियां पेंशन के लिए अर्हक समझी जाएंगी;

(vi) यदि इसके पश्चात् किसी भी समय, यह पाया जाता है कि कार्यालय अध्यक्ष या अन्य संबद्ध प्राधिकारियों ने सेवा के किसी भी अनर्हक अवधि की संसूचना नहीं दी, प्रशासनिक मंत्रालय या विभाग का सचिव इस प्रकार संसूचित नहीं किए जाने के लिए जिम्मेदारी तय करेगा;

(vii) उपखंड(i), (ii), (iii), (iv) और (v) में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया अधिवर्षिता की तारीख से आठ मास पूर्व पूरी की जाएगी;

(viii) यदि सरकारी कर्मचारी द्वारा की गई सेवा के किसी प्रभाग को उपखंड(i) या उपखंड(ii) या उपखंड(iii) या उपखंड(iv) या उपखंड(v) में विनिर्दिष्ट रीति से सत्यापित नहीं किया जा सकता है तो सरकारी कर्मचारी को एक मास के भीतर सादे कागज पर एक लिखित कथन फ़ाइल करने के लिए कहा जाएगा जिसमें वह यह बताएगा कि उसने वास्तव में उस अवधि में सेवा की थी और कथन के अंत में वह इस बात के प्रतीक स्वरूप ऐसे घोषणापत्र पर अपने हस्ताक्षर करेगा कि उस कथन में जो कुछ कहा गया है वह सही है;

(ix) यदि उपखंड(iii) में निर्दिष्ट लिखित कथन में दिए गए तथ्यों पर विचार कर लेने के पश्चात कार्यालय अध्यक्ष का समाधान हो जाता है तो वह सेवा के उस प्रभाग के बारे में यह स्वीकार करेगा कि वह सेवा उस सरकारी कर्मचारी की पेंशन की गणना के प्रयोजनों के लिए की गई सेवा है; तथा

(x) यदि किसी सरकारी कर्मचारी को जानबूझकर कोई गलत जानकारी देते हुए पाया जाता है, जो उसे ऐसे किसी भी लाभ का हकदार बनाता है, जिसका अन्यथा वह हकदार नहीं है, तो उसे एक गंभीर अवचार माना जाएगा।

(ख) दूसरा प्रक्रम- सेवा पुस्तिका के लोपों की पूर्ति,-

(i) सेवा के सत्यापन के प्रमाणपत्रों की संवीक्षा करते समय कार्यालय अध्यक्ष उनमें ऐसे लोपों, त्रुटियों या कमियों का पता करेगा, जिनका परिलब्धियों के अवधारण और पेंशन के लिए अर्हक सेवा से सीधा संबंध है;

(ii) खंड(क) में यथाविनिर्दिष्ट, सेवा के सत्यापन को पूरा करने के लिए और उपखंड(i) में निर्दिष्ट लोपों को पूरा करने, त्रुटियों और कमियों को दूर करने की हर चेष्टा की जाएगी;

(iii) ऐसे लोप, त्रुटि या कमी जिसे पूरा न किया जा सके तथा सेवा की अवधि जिसके बारे में सरकारी कर्मचारी ने कोई कथन प्रस्तुत नहीं किया हो तथा सेवा का वह प्रभाग जो सेवा पुस्तिका में असत्यापित दिखाया गया है और जिसे खंड(क) में अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार सत्यापित करना संभव नहीं है, उपेक्षा की जाएगी और सेवा पुस्तिका के प्रविष्टियों के आधार पर पेंशन अर्हक सेवा का अवधारण किया जाएगा;

(iv) परिलब्धियों और औसत परिलब्धियों की गणना करने के प्रयोजन से कार्यालय अध्यक्ष सेवा के अंतिम दस मास में ली गई या ली जाने वाली परिलब्धियों की शुद्धता सेवा पुस्तिका से सत्यापित करेगा;

(v) यह सुनिश्चित करने के लिए कि सेवा के अंतिम दस मास में परिलब्धियां सेवा पुस्तिका में ठीक प्रकार से दर्शाई गई है, कार्यालय अध्यक्ष सरकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तारीख से पूर्व केवल चौबीस मास की अवधि की परिलब्धियों की शुद्धता का सत्यापन करेगा और उस तारीख से पूर्व की किसी अवधि के बारे में नहीं।

(ग) तीसरा प्रक्रम- जैसे ही दूसरा प्रक्रम पूरा होता है, किंतु सरकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तारीख से आठ मास पूर्व, कार्यालय अध्यक्ष,-

(i) सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारी को पेंशन तथा उपदान के प्रयोजन के लिए प्रस्तावित अर्हक सेवाकाल और सेवानिवृत्ति उपदान तथा पेंशन की संगणना के लिए प्रस्तावित परिलब्धियों और औसत परिलब्धियों के संबंध में एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगा;

(ii) यदि कार्यालय अध्यक्ष द्वारा उपदर्शित प्रमाणित सेवा और परिलब्धियां उसको स्वीकार नहीं है, तो सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारी को दो मास के भीतर, उसके दावे के समर्थन में सुसंगत दस्तावेजों द्वारा समर्थित अस्वीकृति के कारणों को कार्यालय अध्यक्ष को प्रस्तुत करने का निदेश देगा;

(iii) सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारी को प्ररूप 6-क प्रस्तुत करने की सलाह देगा।

(2) (क) सरकारी कर्मचारी कार्यालय अध्यक्ष को सम्यक रूप से भरा हुआ प्ररूप 6-क अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख से छह मास पूर्व प्रस्तुत करेगा;

(ख) सरकारी कर्मचारी प्ररूप 6-क में आवेदन कर सकेगा, यदि वह केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन का संराशीकरण), नियमावली 1981 के अनुसार पेंशन के प्रतिशत को संराशीकृत कराने का इच्छुक हो।

(3) (क) जहां कार्यालय अध्यक्ष का यह समाधान हो जाए कि किसी शारीरिक या मानसिक कमजोरी के कारण सरकारी कर्मचारी उप-नियम(2) में निर्दिष्ट प्ररूपों को प्रस्तुत करने की स्थिति में नहीं है, कार्यालय अध्यक्ष सरकारी कर्मचारी के पति/पत्नी या पति/पत्नी की अनुपस्थिति में, सरकारी कर्मचारी की मृत्यु होने पर कुटुंब पेंशन प्राप्त करने के लिए पात्र कुटुंब के सदस्य को प्ररूप 6-क प्रस्तुत करने की अनुज्ञा दे सकेगा।

(ख) यदि सरकारी कर्मचारी की मृत्यु होने पर कुटुंब पेंशन प्राप्त करने के लिए कुटुंब का कोई भी सदस्य पात्र नहीं है, तो कुटुंब के उस सदस्य को, जिसके पक्ष में सरकारी कर्मचारी द्वारा उपदान के भुगतान के लिए नामनिर्देशन किया गया था, प्ररूप 6-क के लिए अनुज्ञा दी जा सकेगी :

परंतु जहां उक्त प्ररूप पति/पत्नी या कुटुंब के किसी अन्य सदस्य द्वारा प्रस्तुत किया जाता है, सरकारी कर्मचारी तब तक पेंशन के प्रतिशत को संराशीकृत कराने के लाभ का हकदार नहीं होगा जब तक केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन का संराशीकरण), नियमावली 1981 के अनुसार ऐसे संराशीकरण के लिए बाद में वह स्वयं आवेदन नहीं करता।

सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 57 के अधीन केंद्र सरकार के कर्मचारी की अधिवर्षिता होने पर पेंशन मामलों पर कार्रवाई करने संबंधी उपरोक्त उपबंधों का सख्ती से अनुपालन करने हेतु, इन्हें मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

(सुभाष चंदर)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष सं. 24644631

सेवा में

सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन(मानक सूची के अनुसार)

11/15/2022-P&PW(H)-8363
Government of India
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions
Department of Pension and Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan,
Khan Market, New Delhi-110 003
Date: 11-10-2024

OFFICE MEMORANDUM

Subject: **Processing of pension case on superannuation under CCS (Pension) Rules, 2021 in respect of Central Government Servant.**

The undersigned is directed to say that Department of Pension and Pensioners' Welfare has notified the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 in supersession of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972.

2. Rule 57 of CCS (Pension) Rules, 2021 stipulates the procedure for processing of pension cases in respect of Central Government servant on superannuation. Rule 57 provides that the Head of Office shall divide the period of prepatory work of one year before the date of superannuation of Government servant in the following three stages, namely:-

(a) First Stage – Verification of service;-

(i) the Head of Office shall go through the service book of the Government servant and satisfy himself as to whether the certificates of verification for the service subsequent to the service verified under Rule 30 are recorded therein;

(ii) in respect of the unverified portion or portions of service, he shall verify the portion or portions of such service, as the case may be, based on pay bills, acquittance rolls or other relevant records, such as last pay certificate and pay slip for month of April (which shows verification of service for the previous financial year) and record necessary certificates in the service books;

(iii) If the service for any period is not capable of being verified in the manner specified in sub-clause (i) and sub-clause (ii), that period of service having been rendered by the Government servant in another office or Department, the Head of Office under which the Government servant is at present serving shall refer the said period of service to the Head of Office in which the Government servant is shown to have served during that period for the purpose of verification;

(iv) on receipt of communication referred to in sub-clause (iii), the Head of Office in that office or Department shall verify the portion or portions of such service, in the manner as specified in

sub-clause (ii), and send necessary certificates to the referring Head of Office within two months from the date of receipt of such a reference:

Provided that in case a period of service is incapable of being verified, it shall be brought to the notice of the referring Head of Office simultaneously;

(v) If no response is received within the time referred to in the preceding sub-clause, such period or periods shall be deemed to qualify for pension.

(vi) If at any time thereafter, it is found that the Head of Office and other concerned authorities had failed to communicated any non-qualifying period of service, the Secretary of the administrative Ministry or Department shall fix responsibility for such non-communication;

(vii) The process specified in sub-clauses (i), (ii), (iii), (iv) and (v) shall be completed eight months before the date of superannuation;

(viii) if any portion of service rendered by a Government servant is not capable of being verified in the manner specified in sub-clause (i) or sub-clause (ii) or sub-clause (iii) or sub-clause (iv) or sub-clause (v), the Government servant shall be asked to file a written statement on plain paper within a month, stating that he had in fact rendered service for that period, and shall, at the foot of the statement, make and subscribe to a declaration as to the truth of that statement;

(ix) the Head of Office shall, after taking into consideration the facts in the written statement referred to in sub-clause (viii) admit that portion of service as having been rendered for the purpose of calculating the pension of that Government servant; and

(x) if a Government servant is found to have given any incorrect information willfully, which makes him or her entitled to any benefits which he or she is not otherwise entitled to, it shall be construed as a grave misconduct.

(b) Second State - Making good the omissions in the service book, –

(i) the Head of Office while scrutinizing the certificates of verification of service, shall also identify if there are any other omissions, imperfections or deficiencies which have a direct bearing on the determination of emoluments and the service qualifying for pension;

(ii) every effort shall be made to complete the verification of service, as specified in clause (a) and to make good the omissions, imperfections or deficiencies referred to in sub-clause (i);

(iii) any omission, imperfection or deficiency which is incapable of being made good and the periods of service about which the Government servant has submitted no statement and the portion of service shown as unverified in the service book which it has not been possible to verify in accordance with the procedure laid down in clause (a) shall be ignored and service qualifying for pension shall be determined on the basis of the entries in the service book;

(iv) for the purpose of calculation of emoluments and average emoluments, the Head of Office shall verify from the service book the correctness of the emoluments drawn or to be drawn during the last ten months of service;

(v) in order to ensure that the emoluments during the last ten months of service have been correctly shown in the service book, the Head of Office shall verify the correctness of emoluments only for the period of twenty four months preceding the date of retirement of a Government servant, and not for any period prior to that date.

(c) Third Stage.- As soon as the second stage is completed, but not later than eight months prior to the date of retirement of the Government servant, the Head of Office shall,-

(i) furnish to the retiring Government servant a certificate regarding the length of qualifying service proposed to be admitted for the purpose of pension and gratuity and also the emoluments and the average emoluments proposed to be reckoned for retirement gratuity and pension;

(ii) direct the retiring Government servant to furnish to the Head of Office the reasons for non-acceptance, supported by the relevant documents in support of his claim within two months if the certified service and emoluments as indicated by the Head of Office are not acceptable to him;

(iii) advise the retiring Government servant to submit Form 6-A.

(2) (a) The Government servant shall submit duly completed Form 6-A to the Head of the Office, not later than six months prior to his date of retirement.;

(b) The Government servant shall also apply in Form 6-A, if he so desires, for commutation of a percentage of pension in accordance with the Central Civil Services (Commutation of Pension) Rules, 1981.

(3) (a) Where the Head of Office is satisfied that the Government servant is not in a position to submit the forms referred to in sub-rule (2) on account of any bodily or mental infirmity, the Head of Office may allow the spouse of the Government servant or, in the absence of the spouse, the member of the family eligible to receive family pension on death of Government servant, to submit Form 6-A.

(b) If there is no member of the family eligible to receive family pension on death of Government servant, a member of the family in whose favour a nomination was made by the Government servant for payment of gratuity, may be allowed to submit Form 6-A:

Provided that where the said form is submitted by the spouse or any other member of the family, the Government servant shall not be entitled to the benefit of commutation of

pension until he himself subsequently applies for such commutation in accordance with the Central Civil Services (Commutation of Pension) Rules, 1981.

All Ministries/Departments are requested that the above provisions of Rule 57 of CCS (Pension) Rules, 2021, regarding procedure for processing of pension cases in respect of Central Government servant on superannuation, may be brought to the notice of the personnel dealing with the pensionary benefits in the Ministry/Department and attached/subordinate offices thereunder, for strict implementation.

(Subhash Chander)
Under Secretary to the Govt. of India
Tele. No. 24644631

To

All Ministries/Departments/Organizations (As per standard list)

सं.11(15)/2022-पी&पीडबल्यू (एच)

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग

***

तीसरा तल, लोक नायक भवन,

खान मार्केट, नई दिल्ली-110003

दिनांक : 11th अक्तूबर, 2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय : - वार्षिक जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना।

केंद्रीय सरकार के प्रत्येक पेंशनभोगी को अपनी पेंशन आगे जारी रखने के लिए नवंबर मास में वार्षिक जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होता है। यह देखा गया है कि इस प्रयोजन के लिए बड़ी संख्या में केंद्रीय सरकार के पेंशनभोगी व्यक्तिगत रूप से बैंक शाखाओं में जाते हैं।

2. अति वरिष्ठ पेंशनभोगियों के लिए एक अतिरिक्त विशेष विंडो देने के लिए, इस विभाग ने दिनांक 18.07.2019 के अपने का.ज्ञा.सं. 1/20/2018-पी&पीडबल्यू(ई) द्वारा 80 वर्ष और उससे अधिक आयु के पेंशनभोगियों को प्रत्येक वर्ष 1 नवंबर के स्थान पर 1 अक्तूबर से वार्षिक जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की अनुमति दी।

3. वार्षिक जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के लिए पेंशनभोगी के लिए उपलब्ध विभिन्न तरीकों को एक बार फिर पेंशनभोगियों की जागरूकता के लिए संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है। पेंशनभोगी की सुविधानुसार वार्षिक जीवन प्रमाणपत्र मैन्युअल रूप से या डिजिटल रूप से प्रस्तुत किया जा सकता है:–

i. पेंशन संवितरण प्राधिकरणों(पीडीए) द्वारा जीवन प्रमाणपत्र को रिकॉर्ड किया जा सकता है, यदि पेंशनभोगी व्यक्तिगत रूप से पीडीए के समक्ष उपस्थित होता है।

ii. पेंशनभोगी की व्यक्तिगत उपस्थिति आवश्यक नहीं होगी, यदि पेंशनभोगी किसी 'नामित अधिकारी' द्वारा हस्ताक्षरित जीवन प्रमाणपत्र प्ररूप प्रस्तुत करता है, सीपीएओ द्वारा जारी योजना पुस्तिका के पैरा 14.3 के अनुसार, निर्दिष्ट व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षरित, निर्धारित प्ररूप में जीवन प्रमाणपत्र जमा करने वाले पेंशनभोगी को व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दी जाती है। सीपीएओ की योजना पुस्तिका के अनुसार जीवन प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए नामित अधिकारियों की सूची **अनुबंध-I** में संलग्न है।

iii. पेंशनभोगी जीवन प्रमाण पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। "जीवन प्रमाण" के माध्यम से फिंगरप्रिंट द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया https://youtu.be/nNMIkTYqTF8 पर देखी जा सकती है। यूआईडीएआई ने ऐसे सभी बायोमेट्रिक उपकरणों का ब्यौरा उपलब्ध कराया है जो किसी व्यक्ति के बायोमेट्रिक्स को कैप्चर करने के लिए अनुमत हैं। पेंशनभोगी ऐसे सभी उपकरणों की जानकारी www.uidai.gov.in साइट पर प्राप्त कर सकते हैं।

iv. पेंशनभोगी यूआईडीएआई आधार सॉफ्टवेयर पर आधारित फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी प्रणाली का उपयोग करके भी जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकते हैं, जिसके द्वारा ऑनलाइन जमा करने के लिए, किसी भी एंड्रॉइड आधारित स्मार्ट फोन से, जीवन प्रमाण मोबाइल एप्लिकेशन पर पेंशनभोगी की लाइव तस्वीर को कैप्चर करके, डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जनरेट किया जा सकता है। फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से डीएलसी जनरेट करने की पूरी प्रक्रिया, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के पेंशनर्स पोर्टल पर "जीवन प्रमाण→ डीएलसी तैयार करने के लिए फेस ऑथेंटिकेशन पूरी प्रक्रिया" उपलब्ध है। URL:http://pensionersportal.gov.in/Document/Face_JP.pdf

v. डाक विभाग के इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक(आईपीपीबी) ने मेटी(MeitY) के साथ मिलकर नवंबर, 2024 में पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग की पहल: "डाकियों के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के लिए डोरस्टेप सेवा" को सफलतापूर्वक शुरू किया है। आईपीपीबी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जनरेट करने के लिए, डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए, 1.41 लाख से अधिक डाकघरों तथा स्मार्ट फोन और बायोमेट्रिक उपकरणों से लैस 2.06 लाख से अधिक डाकियों और ग्रामीण डाक सेवकों के अपने राष्ट्रीय नेटवर्क का उपयोग कर रहा है। आईपीपीबी द्वारा दी जा रही डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र की सुविधा के बारे में अधिक जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है जिसका यूआरएल है : https://ippbonline.com/web/ippb/digital-life-certificate1। डोरस्टेप सेवा का अनुरोध निम्नानुसार किया जा सकता है :

क. स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से "Post info APP" डाउनलोड करके।

ख. कंप्यूटर पर ippbonline.com के माध्यम से।

ग. डाकघर के माध्यम से।

घ. 155299/033-22029000 पर कॉल करके।

ङ. contact@ippbonline.in पर ईमेल करके।

vi. 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का एलायंस, जो बैंकिंग सुधारों में सुगमता के अंतर्गत देश के 100 प्रमुख शहरों में अपने ग्राहकों के लिए "डोरस्टेप बैंकिंग" की सुविधा प्रदान करते हैं, के माध्यम से भी डोरस्टेप बैंकिंग उपलब्ध है। पीएसबी एलायंस ने डोरस्टेप बैंकिंग(डीएसबी)के अंतर्गत जीवन प्रमाणपत्र के संग्रहण की सेवा शुरू की है। डीएसबी एजेंट सेवा प्रदान करने के लिए पेंशनभोगी के घर पर जाएगा। पेंशनभोगी निम्नलिखित 3 चैनलों में से किसी भी एक द्वारा सेवा बुक कर सकते हैं :

- मोबाइल – 'डोरस्टेप बैंकिंग ऐप' - गूगल प्ले स्टोर और ऐप स्टोर ,
- वेबसाइट - https://psballiance.com/doorstep-banking.html
- टोल फ्री नंबर – 9152220220 पर कॉल करके

4. सभी पेंशन संवितरण प्राधिकरणों से अनुरोध है कि अनुपालनार्थ इस कार्यालय ज्ञापन का संज्ञान लें और पेंशनभोगियों के बीच इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

5. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(सुभाष चंदर)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष सं. 24644431

सेवा में,

1. सभी पेंशन संवितरण बैंक और पेंशन संवितरण प्राधिकरणों के सीएमडी/सीपीपीसी ।
2. केंद्रीय पेंशन लेखा कार्यालय(सीपीएओ), वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग, त्रिकूट -II, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली।
3. अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय, रेल भवन, नई दिल्ली ।
4. सचिव, रक्षा मंत्रालय, साउथ ब्लॉक,नई दिल्ली।
5. सचिव, पूर्व-सैनिक कल्याण विभाग, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली।
6. सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, जीवन दीप भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली।
7. सचिव, दूरसंचार विभाग, संचार भवन, नई दिल्ली।
8. सचिव, डाक विभाग, डाक भवन, नई दिल्ली।
9. एनआईसी : - इस विभाग के वेबसाइट पर डालने हेतु ।
10. पेंशनभोगियों के पोर्टल के अंतर्गत सभी पेंशनभोगी संघ:- पेंशनभोगियों के बीच प्रचार-प्रसार के लिए।

जीवन प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए विनिर्दिष्ट व्यक्तियों की सूची(सीपीएओ द्वारा जारी योजना पुस्तिका के पैरा 14.3 के अनुसार)

(i) दंड प्रक्रिया संहिता के अधीन मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करने वाला व्यक्ति;

(ii) भारतीय पंजीकरण अधिनियम के अधीन नियुक्त रजिस्ट्रार या उप रजिस्ट्रार;

(iii) सरकारी राजपत्रित अधिकारी;

(iv) पुलिस थाने का न्यूनतम उप-निरीक्षक के पद का प्रभारी पुलिस अधिकारी;

(v) डाकघर का पोस्टमास्टर, विभागीय उप- पोस्टमास्टर या निरीक्षक;

(vi) भारतीय रिज़र्व बैंक का ग्रेड-I अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक या उसके सहायक बैंक का अधिकारी(ग्रेड-II अधिकारी सहित);

(vii) न्यायमूर्ति;

(viii) खंड विकास अधिकारी, मुनसिफ, तहसीलदार या नायब तहसीलदार:

(ix) पंचायत, ग्राम पंचायत, गांव पंचायत या किसी गांव की कार्यकारी समिति का प्रमुख;

(x) गांव की कार्यपालक समिति

(xi) संसद सदस्य, राज्य विधान सभा का सदस्य, या संघ शासित प्रदेश/प्रशासन की विधान सभा का सदस्य;

(xii) कोषागार अधिकारी।

No. 11(15)/2022-P&PW(H)
Government of India
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions
Department of Pension and Pensioners' Welfare
***

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan,
Khan Market, New Delhi-110003
Dated: 11th October, 2024

OFFICE MEMORANDUM

Subject: Submission of Annual Life Certificate.

Every Central Government pensioner has to submit Annual Life Certificate in the month of November for further continuation of pension. It has been observed that a large number of Central Government pensioners physically visit bank branches for this purpose.

2. As a measure to enable an additional exclusive window to very senior pensioners, this Department, vide its OM No. 1/20/2018-P&PW(E) dated 18.07.2019, has allowed the pensioners in the age group of 80 years and above, to submit Annual Life Certificate from 1st October onwards, instead of 1st November onwards, every year.

3. The different modes available to a pensioner for submission of Annual Life Certificate are once again summarized for Pensioners' awareness. An Annual Life Certificate can be submitted manually or digitally as per convenience of the pensioner by following modes: -

i. Life certificate can be recorded by Pension Disbursing Authorities (PDAs), if the pensioner physically appears before the PDA.

ii. Personal appearance of a pensioner will not be required, if the pensioner submits the life certificate form signed by any 'designated official'. In accordance with para 14.3 of the Scheme Booklet issued by CPAO, a pensioner who produces a life certificate in the prescribed form, signed by persons specified, is exempted from personal appearance. A list of designated officials specified for signing the Life Certificate as per the scheme booklet of CPAO is attached as **Annexure-I**.

iii. Pensioners can submit Life Certificate online through Jeevan Pramaan Portal. The process of submission of Digital Life Certificate, through "Jeevan Pramaan", using fingerprint, may be seen at https://youtu.be/nNMlkTYqTF8 . UIDAI has provided details of all biometric devices which are permissible for capturing biometrics of a person. Pensioners may visit the site www.uidai.gov.in to get information of all such devices.

iv. Pensioners can also submit Life Certificates using the Face Authentication technology system based on UIDAI Aadhaar software whereby it is possible to generate a Digital Life Certificate from any Android based smart phone by capturing the live photograph of the pensioner for online submission on the Jeevan Pramaan mobile application. The process flow for generating DLCs through Face Authentication is available on DoPPW's Pensioners Portal at Jeevan Pramaan ➔ Process flow of face authentication technique for DLC generation. URL: https://pensionersportal.gov.in/Document/Face_JP.pdf .

v. India Post Payments Bank (IPPB) of Department of Posts along with MeitY has successfully launched the initiative of the Department of Pension & Pensioners' Welfare: "Doorstep Service for submission of Digital Life Certificate through Postman" in November, 2020. IPPB is utilizing its national network of more than 1.41 lakh access points in Post Offices and more than 2.06 lakhs Postmen & Gramin Dak Sevaks with smart phones and biometric devices to provide Doorstep Banking Services for generation of Digital Life Certificates. Information about Digital Life Certificates facility through IPPB is available on the website with URL: https://ippbonline.com/web/ippb/digital-life-certificate1 . The request for doorstep service can be placed through:

a. Post Info app, downloaded from Play store on Smartphones.
b. Through Computer on ippbonline.com.
c. Through post office
d. By calling on number 155299/ 033-22029000.
e. Email on contact@ippbonline.in

vi. Doorstep Banking is also available through the Alliance comprising 12 Public Sector Banks which do "Doorstep Banking" for its customers in 100 major cities of the country under Ease of Banking Reforms. PSB Alliance has introduced the service for collection of Life Certificates under the umbrella of Doorstep Banking (DSB). DSB Agent shall visit the doorstep of Pensioner to render the service. Service can be booked by the pensioner through any of the following three channels:

- Mobile - 'Doorstep Banking' app – Google Play Store and App store
- Website- https://psballiance.com/doorstep-banking.html
- Call on toll-free number- 9152220220

4. All Pension Disbursing Authorities are requested to take note of this OM for compliance and give wide publicity of the same amongst pensioners.

5. This issues with the approval of the competent authority.

(Subhash Chander)
Under Secretary to the Govt. of India
Tel. No. 24644431

To

1) CMDs/CPPCs of all Pension Disbursing Banks and Pension Disbursing Authorities.
2) Central Pension Accounts Office (CPAO), Ministry of Finance, Department of Expenditure, Trikoot-II, Bhikaji Cama Place, New Delhi.
3) Chairman, Railway Board, Ministry of Railways, Rail Bhawan, New Delhi.
4) Secretary, Ministry of Defence, South Block, New Delhi.
5) Secretary, Department of Ex-Servicemen Welfare, South Block, New Delhi.
6) Secretary, Department of Financial Services, Jeevan Deep Building, Sansad Marg, New Delhi.
7) Secretary, Department of Telecommunications, Sanchar Bhavan, New Delhi.
8) Secretary, Department of Posts, Dak Bhavan, New Delhi
9) NIC: -for posting on website of this Department.
10) All Pensioners Associations under Pensioners' Portal: for giving vide publicity among pensioners.

Annexure-I

List of persons specified for signing the Life Certificate (Para 14.3 of Scheme Booklet by CPAO)

i. A person exercising the powers of a Magistrate under the Criminal Procedure Code;
ii. A Registrar or Sub-Registrar appointed under Indian Registration Act;
iii. A Gazetted Officer of the Government;
